बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक–14.08.2026 को संपन्न पाक्षिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन व्यय तथा लंबित मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निम्न निदेश दिये गये है :-

2. सभी मुख्य अभियंता को सहयोग पोर्टल पर प्राप्त मामलों को शीघ्र चिन्हित कर स्वयं समीक्षा करते हुए मामलों को तय समय-सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्वक निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/संयुक्त सचिव अभियंत्रण)/**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

3. संबंधित सभी मुख्य अभियंता को उनके परिक्षेत्र में कराये जा रहे कार्यो के विरूद्ध प्राप्त आवंटन के व्यय की समीक्षा करने एवं शीघ्र नियमानुकूल व्यय सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता)**

4. सभी मुख्य अभियंता को Pole Shifting की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए शीघ्र ही इस प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु उनके स्तर से लगातार इस प्रक्रिया के प्रगति की अनुश्रवण एवं समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर आवश्यक कार्रवाई किये जाने हेतु निदेशित किया गया है।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता,**
**अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

5. BWSIMP अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो में उपलब्ध आवंटन का नियमानुकूल व्यय शीघ्रातिशीघ्र किए जाने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर/**
**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा)**

6. विधि पदाधिकारी द्वारा प्रदर्शित किया गया कि दिनांक–03.07.2026 तक कुल 55 मामलों में, दिनांक–23.07.2026 तक कुल 56 मामलों में विभागीय स्तर से प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित रहा है।

वर्तमान सप्ताह दिनांक–13.08.2026 तक कुल 54 मामलों में प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है। वर्तमान सप्ताह में कुल 20 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर हुए है एवं वर्तमान सप्ताह में कुल 22 वादों में प्रतिशपथ पत्र/कारण पृच्छा दायर किया गया है।

वर्तमान सप्ताह में लंबित 54 वादों में से निर्धारित मानकानुसार कुल 30 वाद नये वाद की श्रेणी में है, कुल 07 वाद मुख्य अभियंताओं स्तर पर लंबित है एवं विभागीय स्तर पर कुल 17 वाद लंबित है।

विभागीय स्तर पर लंबित कुल 17 एवं मुख्यालय स्तर पर लंबित 07 वादों के संबंध में निदेशित किया गया कि सभी प्रकार के लंबित वादों को यथाशीघ्र निष्पादित निष्पादित किया जाय।

**(कार्रवाई– सभी संबंधित मुख्य अभियंता)**

7. बैठक हेतु प्रस्तुतीकरण तैयार करने के क्रम में, प्रायः रिपोर्ट विलम्ब से प्राप्त होने पर इसकी समीक्षा विभागीय स्तर पर संभव नहीं हो पाती है। अतः आगामी पाक्षिक बैठकों हेतु, बैठक वाले सप्ताह के सोमवार तक की सभी रिपोर्ट (Google sheet सहित), मंगलवार को निश्चित रूप से संबंधित मोनिटरिंग अंचल को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता (यांत्रिक सहित)/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़ )**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/- 19/08/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 705 पटना, दिनांक–19/8/26

प्रतिलिपि :– माननीय उप मुख्य (जल संसाधन विभाग) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 19/08/2026
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 705 पटना, दिनांक–19/8/26

प्रतिलिपि :– सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 19/08/2026
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 705 पटना, दिनांक–19/8/26

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/- 19/08/2026
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 705 पटना, दिनांक–19/8/24

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 19/08/2024

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 705 पटना, दिनांक–19/8/24

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह० 19/08/2024

अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, बिहार